# Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golumber, Nehru Marg, Patna -800001
(Registration No -663/2003)
Website : basabihar.com, Email Id : infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No. - 9334118192

BIHAR ADMINISTRATIVE SERVICE ASSOCIATION
सत्यमेव जयते

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No. - 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No. 41 Date 16.05.22

**दिनांक–15.05.2022 को केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री शशांक शेखर सिन्हा, अध्यक्ष, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुई।**

2. उपस्थिति पंजी के अुनसार।

3. उक्त बैठक में निम्न निर्णय लिए गए :–

(क) दिनांक–09.05.2022 को दैनिक जागरण में ''बासा दो फाड़'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार से प्राप्त जानकारी के अनुसार कतिपय जिला ईकाईयों ने दिनांक–22.05.2022 को आयोजित होने वाले आम सभा एवं केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के गठन की प्रक्रिया तथा प्रस्थावित बैठक के संबंध में अपनी आपत्ति दर्ज की है तथा इसके आधार पर बासा के सदस्य द्वारा निबंधन महानिरीक्षक के कार्यालय में अभ्यावेदन दिया गया है।

(ख) आज दिनांक–15.05.2022 तक बासा की केन्द्रीय कार्यकारिणी को इस संबंध में कोई अधिकारिक सूचना बिहार सरकार के किसी कार्यालय से या बासा के किसी जिला इकाई कार्यालय से प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि गैर अधिकारिक स्तर से उक्त अखबार में प्रकाशित अभ्यावेदन की पुष्ट जानकारी प्राप्त हुई है।

(ग) बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को नई केन्द्रीय कार्यकारिणी के गठन हेतु मार्च माह के प्रथम सप्ताह से अब तक की सभी गतिविधियों को अवगत कराया गया। इससे संबंधित बासा कार्यालय में पहली बार संधारित अभिलेख तथा वर्त्तमान उपविधि की भी विस्तार से जानकारी सभी सदस्यों को दी गई। बासा के वेबसाईट पर उक्त सूचनाएँ सर्वसाधारण के लिए अवलोकनार्थ उपलब्ध भी है।

4. बैठक में जिला इकाइयों द्वारा आयोजित बैठक के संबंध में निम्न कारणों से विमर्श किया गया ;

(i) संबंधित जिला इकाई द्वारा लिए गये निर्णय की जानकारी केन्द्रीय इकाई को क्यों नहीं भेजी गई।

(ii) संबंधित जिला इकाइयों द्वारा केन्द्रीय कार्यकारिणी के निर्णय से अलग निर्णय लेने हेतु जो बैठक आहूत की गई, क्या इसके लिए जिला इकाई के सभी सदस्यों को लिखित सूचना दी गई है या नहीं ?

(iii) उक्त बैठक में उपस्थिति हेतु जब नियमानुसार पंजी संधारित की जाती है तो सादा कागज पर कार्यावाही के साथ सदस्यों के हस्ताक्षर क्यों लिये गये। कार्यवाही तो जिला इकाई के सचिव/अध्यक्ष के हस्ताक्षर से निर्गत किया जा सकता था तो फिर सभी सदस्यों से इस पर हस्ताक्षर क्यों लिया गया। यह संदेह उत्पन्न करता है क्योंकि उनकी

# ihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golumber, Nehru Marg, Patna -800001
(Registration No -663/2003)
Website : basabihar.com, Email Id : infobasa1@gmail.com

nk Shekhar Sinha
President
lo. - 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No. - 9431409463

President
ioeezuddin
4951990

ay Kumar
35737317

nt Secretary
oodh Kumar
979919465

opal Sharan
210342042

Treasurer
il Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025


Memo No. .............................. Date ..................................



कार्यावाही का प्रारूप कार्यवाही का न होकर अभ्यावेदन का स्वरूप है जो निबंधन महानिरीक्षक को देने के लिए तैयार किया गया प्रतीत होता है।

(iv) आज की बैठक में उक्त जिला इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव के इस कृत्य को प्रस्तावित चुनाव के संबंध में भ्रम फैलाने के लिए उन्हें जिम्मेवार माना गया। अगर किसी जिला इकाई या सदस्य को चुनाव प्रक्रिया के संबंध में भ्रम था तो उसके समाधान हेतु केन्द्रीय कार्यकारिणी से संपर्क करना चाहिए था।

5. सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बासा का प्रस्तावित आम सभा तथा नई केन्द्रीय कार्यकारिणी की गठन के लिए पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक–22.05.2022 को संपन्न कराया जाएगा।

6. सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बासा उप विधि में किसी पदधारक को त्याग–पत्र देने या स्वीकृत करने का प्रावधान नहीं कहने के कारण श्री अनिल कुमार, महासचिव के त्याग–पत्र को अस्वीकृत किया जाए। नई केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के गठन तक श्री अनिल कुमार, महासचिव पद पर कार्यरत रहेंगें।

7. सर्वसम्मति से बैठक में प्रस्तुत अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2021–22) तक मार्च 2022 माह तक के आम–व्यय प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि आम–सभा के दौरान प्रत्येक सदस्य को एक फोल्डर, पहचान पत्र, कलम, पैड, प्रशासन का नया अंक के साथ–साथ अंकेक्षण प्रतिवेदन, महासचिव का प्रतिवेदन एवं अन्य सामग्रियों को भी प्रकाशित कर वितरित किया जाए।

8. सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पटना में प्रस्तावित आम सभा में सभी सदस्यों की उपस्थिति दिनांक–22.05.2022 सुनिश्चित की जा सके, इसके लिए बिहार के सभी जिला पदाधिकारियों को इस संबंध आवश्यक अनुमति देने हेतु अनुरोध पत्र भेजा जाए।

सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

15/3/22

(शशांक शेखर सिन्हा)